उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का न्यायालय, रामगढ़

आदेश पत्रक

सरफेसी एक्ट वाद संख्या–01 / 2021

एच०डी०एफ०सी० बैंक लि०

बनाम्

मेसर्स क्लासिक कोल कन्स्ट्रक्शन प्र०लि० वगै0

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख
31/12/2021	**–:: आदेश ::–** अपीलार्थी वरीय पदाधिकारी–सह–प्राधिकृत पदाधिकारी, कृते एच०डी०एफ०सी० बैंक लि० द्वारा सेक्युरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनन्सियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सेक्युरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट, 2002 की धारा 14 के तहत् आवेदन दायर किया गया है। दायर आवेदन में उधारकर्त्ता मेसर्स क्लासिक कोल कन्स्ट्रक्शन प्र०लि० वगै0 को विपक्षी बनाया गया है। मौजा–रामगढ़ कैन्ट, थाना नं०–82, थाना–रामगढ़, जिला–रामगढ़ अंतर्गत खाता नं0–32, प्लॉट नं0–744, 749 एवं 751 कुल जमा रकवा–114 डिसमील भूमि एवं उक्त भूमि पर बनी संरचना का दखल लेने हेतु अपीलार्थी द्वारा अनुरोध किया गया है। दायर वाद के आलोक में वाद अंगीकृत करते हुए विपक्षीगण को अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस निर्गत किया गया तथा सम्बन्धित अंचल अधिकारी, रामगढ़ से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई है। अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि वाद दायर करने की अगली तिथि से अपीलार्थी (वरीय पदाधिकारी–सह–प्राधिकृत पदाधिकारी, कृते एच०डी०एफ०सी० बैंक लि०) लगातार अनुपस्थित चले आ रहे हैं, जिससे प्रतीत होता है कि उक्त दायर वाद के निष्पादन के निमित्त अपीलार्थी की रूचि नहीं हैं। अतः अपीलार्थी की उदासीनता को देखते हुए दायर आवेदन अस्वीकृत किया जाता है। इसी मंतव्य के साथ वाद की कार्रवाई बन्द की जाती है। अभिलेख अभिलेखागार में जमा करे। Digitally signed by madhvi mishra Date: 2022.01.08 12:11:05 +05:30 Location: 192.168.0.9 लेखापित एवं संशोधित। माधवी मिश्रा 31.12.2021 उपायुक्त, रामगढ़। माधवी मिश्रा 31.12.2021 उपायुक्त, रामगढ़।	